भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 25.07.2023

महाप्रबंधक ने किया हॉस्पिटल परिसर में वृक्षारोपण एवं निरीक्षण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 25.07.2023 को महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण अभियान के तहत हॉस्पिटल परिसर में अमरूद जामुन, लीची, कटहल और नारियल आदि के 950 फलदार का वृक्षों का रोपण किया। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम पीसीई श्री राजेश अग्रवाल एवं पीसीएमओ श्री एम के शकरवाल के दिशा निर्देशन में किया गया।

आगे इसी कड़ी में महाप्रबंधक महोदय ने हॉस्पिटल परिसर का निरीक्षण किया जिसमें हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड, एक्स–रे मशीन रूम, पेंथौलॉजी विभाग, फिजियोथेरैपी रूम, मेडीकल स्टोर, डाक्टरर्स ओपीडी चैम्बर्स, नेत्र जाँच विभाग आदि का निरीक्षण किया तथा उनमें संचालित सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने सुविधाओं को और अधिक जनोपयोगी बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिनमें दवाओं की समय से खरीद प्रक्रियाओं एवं मशीनों के वार्षिक रखरखाव से संबंधित थे।

महाप्रबंधक महोदय ने इलाज कराने आए मरीजों से हॉस्पिटल से मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में बातचीत की, रोगियों ने बताया कि जिन चिकित्सा सुविधाओं के लिए पहले लखनऊ जाना पड़ता था अब यहीं मिल रही है।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमएम श्री एन डी राव, सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, पीसीपीओं श्री अमर नाथ दुवे, पीसीएमओ श्री एम के शकरवाल,पीसीएससी श्री रमेश चन्द्र सहित विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण उपस्थित रहे एवं वृक्षारोपण में सहभागिता की।

A Srivastava 25/7/23

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी